

# सात साल बाद बिछड़े मां-बाप से मिलते ही बेटी ने खोया आपा

## सात साल बाद वापस मिली लापता बालिका, परिजनों से नाराज होकर छोड़ा था घर, पुलिस के सहयोग से संभव हुआ

नवभारत न्यूज

**सतना 8 अक्टूबर. जिस बालिका की तलाश में परिजन पिछले 7 वर्ष से बेहाल हुए जा रहे थे उसे जब सही सलामत अपनी आंखों के सामने देखा तो खुशी के मारे फफक कर रो पड़े.**

वहीं बालिका भी अपने परिजनों से मिलकर काफी भावुक हो गई. बालिका ने बताया कि परिजनों की डांट से नाराज होकर वह कोटा चली गई थी. जहां पर पिछले 7 वर्ष से रहते हुए वह काम कर रही थी. जब माता पिता की याद ने उसे भावुक कर दिया तो वह वापस लौट आई. उचेहरा थाना प्रभारी सतीश मिश्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी माता पिता द्वारा 19 मई 2018 को अपनी नाबालिग बेटी की गुमशुदगी की शिकायत की गई थी. परिजनों के अनुसार किसी बात को लेकर डांट-फटकार लगा दी गई थी. जिससे नाराज होकर उनकी लड़की कहीं चली गई. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर खोजबीन का दावा किया गया. लेकिन लड़की के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली. वहीं दिन बीतने के साथ ही परिजनों की चिंता बढ़ती चली गई. बेटी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलने से वे बेहाल रहने लगे. देखते देखते परिजनों केक इंतजार को 7 साल बीत गए. लेकिन इस कहानी में बुधवार को अचानक मोड़ तब आ गया जब पुलिस को इस बात की सूचना मिली कि पिछले 7 वर्ष से गुमशुदा लड़की मैहर में आई है. लिहाजा पुलिस ने बिना देरी किए मैहर पहुंचकर उसे दस्तयाब कर लिया. मैहर रेलवे स्टेशन पर मिलने के बाद जब पुलिस ने उसे वापस लाकर पूछताछ की तो लड़की ने बताया कि वह अपनी मर्जी से चली गई थी और उसके साथ किसी तरह का अपराध घटित नहीं हुआ.

### याद आने पर लौटी

लड़की ने बताया कि परिजनों से नाराज होकर वह राजस्थान के कोटा चली गई थी . जहां पर रहते हुए वह काम काज करने लगी . लेकिन पिछले कुछ दिनों से जब अपने माता पिता की याद उस पर हावी होने लगी तब वह वहां से वापस लौट आई . अपनी बेटी को सही सलाम पाकर परिजन खुशी ने फुले नहीं समाए . वहीं इस मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस कप्तान हंसराज सिंह ने पुलिस टीम के लिए ईनाम 10 हजार की घोषणा कर दी .

# बाइक में आग लगाने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

## बाइक जलाने के साथ मीटरों में भी की थी तोड़फोड़

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 अक्टूबर. घर में खड़ी बाइक में आग लगाने और बिजली मीटरों को क्षतिग्रस्त करने वाले दो आरोपी युवकों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय द्वारा आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया गया।**



कोतवाली से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना डाली बाबा इलाके में हुई थी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चंदन द्विवेदी और लक्ष्य पटेरिया के रूप में हुई है। दोनों आरोपी डिलौरा के रहने वाले है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने 5 अक्टूबर की देर रात डाली बाबा इलाके में एक घर के बाहर खड़ी बाइक में आग लगा दी थी। पीड़िता गुड़िया दहिया (38 वर्ष) पति शैलेंद्र दहिया, ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुड़िया दहिया के परिवार ने बताया कि उनकी होंडा शाइन बाइक (क्रमांक एमपी 19 जेडीएच 2701) घर के बाहर खड़ी थी, जिसे रात करीब 11 बजे बदमाशों ने आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने पहले अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जिसके बाद जांच में दो आरोपियों को नामजद किया गया। आरोपियों ने बाइक में आग लगाने से पहले कई घरों के बाहर लगे बिजली मीटरों में भी तोड़फोड़ की थी।

# बंद कराई गईं अवैध मांस मछली की 11 दुकानें

## शहर के सिंधी कैंप क्षेत्र में नगर निगम अमले ने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सतना 8 अक्टूबर. मंगलवार को शहर के राजेंद्र नगर खूंथी और राजेंद्र नगर क्षेत्र में अवैध तौर पर संचालित मीट मछली की 13 दुकानों को सील किए जाने के अगले दिन नगर निगम अमले द्वारा शहर के सिंधी कैंप क्षेत्र में कार्रवाई की गई. बुधवार को की गई कार्रवाई में सिंधी कैंप क्षेत्र की 11 दुकानों को बंद करा दिया गया.**



स्वास्थ्य एवं अतिक्रमण अधिकारी नगर निगम अरविंद प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को नगर निगम अमले द्वारा शहर के सिंधी कैंप क्षेत्र में अवैध तौर पर संचालित मांस मछली दुकानों की जांच की गई. इस दौरान उक्त क्षेत्र में 11 ऐसी दुकानें पाई गईं जहां पर अवैध तौर पर मांस मछली बेचा जा रहा था. जिसे देखते हुए सभी 11 दुकानों पर तालाबंदी की कार्रवाई करते हुए दुकान संचालकों को मटेहना स्थित मीट मार्केट में निर्धारित स्थान पर कारोबार करने की हिदायत दी गई.

### अवैध संचालित थी दुकानें

सिंधी कैंप क्षेत्र में अवैध तौर पर मांस मछली बेचने वाले जिन 11 दुकान संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई . उनमें अब्दुल रसीद खान, शेख इमरान, आमिर खान, शेख सलमीन, शेख हैदर, शहीद कुरैशी, परवेज, शेख इकबाल, तौसीब मंसूरी, प्रिंस मंसूरी और आमिर खान सम्मिलित रहे . बुधवार को की गई कार्रवाई के दौरान नगर निगम के स्वास्थ्य व अतिक्रमण अधिकारी ए पी सिंह के साथ सहायक स्वच्छता अधिकारी राजू साकेत, मोहम्मद लतीफ, रामकिशोर मिश्र, शिवदर्शन सहित अन्य स्टॉफ व वार्ड सिपाही भी मौजूद रहे . मांस मछली की अवैध दुकान संचालकों को इस बात की हिदायत दी गई कि ननि द्वारा मटेहना क्षेत्र में मीट मार्केट बनाया गया है . जहां पर वे लोग अपना कारोबार कर सकते हैं .

# पिकअप- ट्रेलर की टक्कर, फंसे रहे चालक

## अमदरा थाना क्षेत्र में एनएच -30 पर में हुआ हादसा



नवभारत न्यूज

**सतना, 8 अक्टूबर. मैहर एन एच-30 अमदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बोलोरो की पिकअप और ट्रेलर की जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप के ड्राइवर और क्लीनर अंदर ही फस गए, कड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से दोनों को बाहर निकाला गया, घायलों को उपचार के लिए मैहर अस्पताल भेजा गया।**

मैहर में मंगलवार रात ह॥ 30 पर सड़क हादसे में पिकअप वाहन के दो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। अमदरा थाना क्षेत्र में जबलपुर से लखनऊ जा रही टमाटर लदी पिकअप ने आगे चल रहे वाहन को पीछे से टक्कर मार दी थी। घायलों की पहचान मोहम्मद आमिर (18) और मोहम्मद यशील (25) के रूप में हुई है। दोनों जबलपुर से पिकअप (क32 ऋ 0562) में टमाटर लेकर लखनऊ जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों चालक वाहन के मलबे में बुरी तरह फंस गए।

### जेसीबी की मदद से निकाला

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। 112 डायल टीम और प्रधान आरक्षक रवेंद्र सिंह तत्काल पहुंचे। उन्होंने देखा कि दोनों चालक वाहन के मलबे में फंसे हुए थे, जिसके बाद उन्हें निकालने का प्रयास शुरू किया गया। शुरुआती प्रयासों से सफलता न मिलने पर क्रेन और जेसीबी मशीन बुलाई गई। घंटों चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद, मलबे को हटाकर दोनों चालकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घायल चालकों को तत्काल एम्बुलेंस से मैहर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया।

# विरोध में आज एसपी को ज्ञापन सौंपेगा सर्व समाज

**सतना, 8 अक्टूबर.** सर्किट हाउस सतना में आज सर्व समाज की बैठक संपन्न हुई। बैठक में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा पर झूठा मुकदमा दर्ज किए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया गया तथा निर्णय लिया गया कि गुरुवार को सर्व समाज की ओर से एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक सतना को सौंपा कर इस मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच एसआईटी से कराने की मांग की जाय। बैठक के आयोजक शशांक सिंह बघेल सोनौरा ने सभी लोगों से कल गुरुवार को दोपहर 11बजे चौपाटी सिविल पहुंचने की अपील की गई।

# अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

## बाइक से कर रहा था तस्करी

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 अक्टूबर. वाहनों की जांच के दौरान जब बाइक सवार को रोका गया तो बाइक में बंधी बोरी में से 61 लीटर शराब बरामद हुई। जिसे देखते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।**

थाना प्रभारी ताला महेन्द्र कुमार मिश्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा बेला गोविंदगढ़ मार्ग तमरा रोड पर देर रात वाहन चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान मोटर साइकिल चालक के कब्जे से 61 लीटर अवैध शराब जप्त की गई। वाहन चैकिंग के दौरान पुलिस को मोटर साइकिल क्रमांक रवक्क9रत्त0323 के चालक विपुल चौरसिया जिसने अपनी मोटरसाईकिल के पीछे बोरी में सामान बांधा हुआ था पर संदेह हुआ। सन्देह के आधार पर पुलिस के द्वारा चालक के वाहन में रखे सामान की तलाशी ली गई तो उसमें अवैध शराब के कार्टून मिले ।

आरोपी विपुल चौरसिया पिता शिवप्रसाद चौरसिया उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम झिन्ना के कब्जे से कुल 61 लीटर 380 एमएल शराब जब्त कर ली गई। जिसकी कीमत 28,420 रु आंकी गयी। जिसे देखते हुए आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई ।

# आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन में लापरवाही बरतने पर 15 दिन का वेतन कटा

**सतना 8 अक्टूबर.** जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह ने बुधवार को सोहावल परियोजना सेक्टर भुमकहर के तीन, चित्रकूट-2 परियोजना के एक आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। जिसमें सोहावल परियोजना भूमकहर सेक्टर के आंगनवाड़ी केंद्र मझगंवा भट्टा में निरीक्षण के दौरान केंद्र खुला मिला पर कोई बच्चे उपस्थित नहीं मिले और ना ही नाश्ता आया था। केन्द्र की सहायिका भी देर से आई। इसी प्रकार आंगनवाड़ी केंद्र भाद में 3 तथा आंगनवाडी केन्द्र रामपुर चौरासी में 5 बच्चे उपस्थित पाए गए।



# विज्ञान मेला के समापन पर पुरस्कृत हुए उत्कृष्ट प्रतिभागी

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 अक्टूबर. सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर सतना में प्रांतीय गणित -विज्ञान मेला 2025 का समापन सत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न**

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात वाणी वंदना विद्यालय की बहिन कुमारी आद्रिका तिवारी एवं सहयोगी बहिनों के द्वारा सम्पन्न कराई गई । समापन सत्र में अतिथि परिचय एवं स्वागत प्रधानाचार्य गणेश गोविन्द मिश्र द्वारा सम्पन्न कराया गया। विद्यालय की बहिनों के द्वारा विज्ञान गीत के गायन ने सबको भाव विभोर कर दिया।प्रांतीय गणित -विज्ञान मेले की प्रतियोगिताओं का वृत्त प्रस्तुत करते हुए प्रांत विज्ञान प्रमुख श्री राजकुमार सिंह ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यालय स्तर से प्रारंभ होकर अखिल भारतीय स्तर तक किया जाता है। इस प्रांतीय गणित -विज्ञान मेला 2025 में 8 विभाग के 24 जिले के 57 विद्यालयों के 237 भैया 140 बहिने 61 संरक्षक आचार्य बंधु भगिनी 32 निर्णायक बंधु / भगिनी एवं 9 प्रांतीय अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में व्यक्तिगत गीत बहिन आयशा सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया. समापन सत्र के विशिष्ट अतिथि मणिकांत माहेश्वरी ( प्रांताध्यक्ष, संस्कार भारती महाकोशल प्रांत ) ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से हमारे व्यक्तित्व का विकास होता है।

कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन विद्यालय के व्यवस्थापक प्रदीप ताम्रकार ने किया। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ।कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या श्रीमती सविता तिवारी ने किया। समापन समारोह में मुख्य रूप से रवि मिश्रा ( रीवा विभाग समन्वयक ), विद्यालय समिति के सह व्यवस्थापक देवेन्द्र माहेश्वरी, विद्यालय के प्राचार्य गणेश प्रसाद मिश्र, लखनलाल केसरवानी, लव कुमार मिश्रा, प्रतियोगिता प्रभारी श्रीमती जया सिंह ( वरिष्ठ व्याख्याता रसायन विज्ञान ) एवं संतोष मिश्रा ( वरिष्ठ व्याख्याता गणित ), विज्ञान विभाग प्रमुख वीरेन्द्र सिंह ( आवासीय विद्यालय सतना ) , प्रधानाचार्य गणेश प्रसाद द्विवेदी, प्रधानाचार्य श्रीमती प्रतिभा गिरि, प्रतियोगिता में शामिल समस्त भैया बहिन, संरक्षक आचार्य बंधु / भगिनी एवं विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु / भगिनी उपस्थित रहे।

# संगीत सम्राट उस्ताद अलाउद्दीन खां की जन्म जयंती पर कांग्रेस ने किया नमन

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 अक्टूबर. पद्मभूषण से अलंकृत महान संगीत साधक उस्ताद अलाउद्दीन ख़ाँ साहब की जन्मजयंती के अवसर पर भावपूर्ण आयोजन किया गया।**



कांग्रेस के तत्वावधान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई की अगुवाई में कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने अलाउद्दीन तिराहा स्थित बाबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि उस्ताद अलाउद्दीन खां न केवल मैहर बल्कि भारत की गौरवशाली संगीत परंपरा के अमर प्रतीक हैं। उन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत को विश्व मंच पर प्रतिष्ठा दिलाई और मैहर को संगीत की तपोभूमि के रूप में स्थापित किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई ने कहा कि बाबा अलाउद्दीन ख़ाँ की साधना, अनुशासन और त्याग की परंपरा आज भी हमारे समाज के लिए प्रेरणा है।मैहर की पहचान संगीत, संस्कृति और साधना से है इसे किसी भी राजनीतिक या व्यावसायिक रूप में परिवर्तित नहीं किया जा सकता। साथ ही हम यह भी माँग करते हैं कि बाबा उस्ताद अलाउद्दीन ख़ां साहब को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न मरणोपरांत प्रदान किया जाए ताकि उनके योगदान की गरिमा और उनके स्तर का सम्मान राष्ट्र स्तर पर स्थापित हो सके। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मनीष पटेल ने कहा कि उस्ताद अलाउद्दीन ख़ाँ ने संगीत को ईश्वर-उपासना का माध्यम माना। आज जब मैहर की सांस्कृतिक पहचान को भ्रमित करने के प्रयास हो रहे हैं, ऐसे समय में हमें बाबा की साधना से प्रेरणा लेकर अपनी जड़ों की रक्षा करनी चाहिए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने कहा कि मैहर की आत्मा बाबा अलाउद्दीन और माँ शारदा हैं। यहाँ की हर गली, हर स्वर, हर ताल में उनकी साधना की गूंज सुनाई देती है। यह हमारा सौभाग्य है कि हम उसी धरती के वासी हैं जिसने भारत को इतने महान संगीतज्ञ दिए।

# डॉ . चंदन और नितिन की मानव संसाधन प्रबंधन पर पुस्तक प्रकाशित

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 अक्टूबर. ए.के.एस. विश्वविद्यालय, सतना के प्रबंधन संकाय के प्रतिष्ठित शिक्षकों डॉ. चंदन सिंह और नितिन मिश्रा ने मानव संसाधन प्रबंधन विषय पर आधारित एक शोधपरक और व्यावहारिक पुस्तक का सफलतापूर्वक प्रकाशन किया है।**



यह पुस्तक आधुनिक कार्य क्षेत्र में मानव संसाधनों की भूमिका, उनसे जुड़ी चुनौतियों और रणनीतियों को विस्तार से प्रस्तुत करती है। इसमें महत्वपूर्ण विषयों को सरल तथा बोधगम्य भाषा में समझाया गया है। इस पुस्तक में नियुक्ति प्रक्रियाप्रशिक्षण और विकास कार्य निष्पादन का मूल्यांकन संगठनात्मक संस्कृति नेतृत्व शामिल हैं। यह पुस्तक फ्लिपकार्ट तथा ऐमेज़ॉन जैसे प्रमुख मंचों पर उपलब्ध है। साथ ही यह ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों रूपों में विद्यार्थियों, शोधार्थियों और कार्यक्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए सुलभ है।




# आईएमए के कैम्प में सिटीजन डॉक्टरों के बने आयुष्मान कार्ड

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 अक्टूबर । इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सतना ने आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धवारी में जिला स्वास्थ अधिकारी डॉ नलिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में एक विशेष कैम्प का आयोजन किया, जिसमें 70 वर्ष से अधिक आयु के आई एम ए 14 से ज्यादा सदस्यों और उनके परिवारजन के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।**

इस आयोजन की शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ एल के तिवारी ,जिला स्वास्थ अधिकारी डॉ नलिनी शुक्ला,आई एम ए सतना के अध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल, सचिव डॉ. आलोक खन्ना, कोषाध्यक्ष डॉ. ललित गुप्ता के साथ-साथ संयोजक डॉ सलिल गुप्ता की मौजूदगी में डॉ नरेंद्र शर्मा काआयुष्मान कार्ड बनाकर किया गया।

आई एम ए सचिव डॉ अलोक खन्ना ने सभी सीनियर डॉक्टरों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाकर अपने परिवारजन के साथ इस प्रकार के स्वास्थ्य लाभ से जुड़ें। आई एम ए सतना भविष्य में भी ईसाई प्रकार कैंप लगाकर शहर वासियों को निरंतर लाभ पहुंचाता रहेगा।आई एमए के के इस सराहनीय प्रयास की शहरभर में प्रशंसा हो रही है, और आगे भी ऐसे आयोजनों की उम्मीद की जा रही है।

### हम साथ हैं

डॉ अम्बरीष मिश्रा अध्यक्ष मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन सतना चैप्टर, डॉ सिद्धार्थ बनोदे सचिव मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन सतना चैप्टर ने जारी बयान में कहा कि छिंदवाड़ा प्रकरण में हम डॉ. सोनी के साथ पूर्ण एकजुटता से खड़े हैं। यह अत्यंत चिंता का विषय है कि डॉक्टरों को बार-बार व्यवस्था की कमियों के लिए बलि का बकरा बनाया जा रहा है। चिकित्सक सीमित संसाधनों और अत्यधिक दबाव में भी समाज की सेवा के लिए निरंतर तत्पर रहते हैं। ऐसे में किसी और की गलती और लापरवाही के लिए एक डॉक्टर को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं है। हमारी मांग है कि निष्पक्ष जांच हो, वास्तविक परिस्थितियों और समस्या के मूल को समझा जाए, और समाज में डॉक्टर्स की गरिमा तथा सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## एक नजर में



### प्रियांक कानूनगो का मनीष तिवारी के आवास में सम्मान

**सतना .** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो आज अपने सतना प्रवास के दौरान सौजन्य भेंट हेतु समाजसेवी-भाजपा नेता मनीष तिवारी के बिहारी चौक स्थित आवास पर पहुंचे, जहां श्री तिवारी ने तिलक लगाकर, शाल, श्रीफल एवं प्रभु श्री राम की प्रतिमा भेंट कर उनका स्वागत सम्मान किया ।मुलाकात के दौरान सम सामयिक विषयों पर चर्चा हुई।इस अवसर पर रजनीश तिवारी, जितेंद्र जीतू तिवारी,राजेंद्र नामदेव, अमित पांडे सहित काफी संख्या में सहयोगी और परिजन उपस्थित रहे ।



### कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**सतना।** इंडिया विथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. डी.पी .प्रजापति ने एलोपैथिक कफ सीरप से बच्चों की दुखद मृत्यु की घटनाओं को लेकर एस. डी. एम .को ज्ञापन सौंप कर कि सीरप बनाने वाली कंपनी पर कठोर कार्यवाही करने की मांग किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष रिश्तमलाल प्रजापति ,जिला महासचिव वेदप्रकाश श्रीवास्तव, वीरन प्रजापति, मोहम्मद नईम खान ,जिला महामंत्री सुनील गुप्ता ,अमृतलाल यादव ,गोलू ,अजय तिवारी, शंकर कोल, निखिल गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### इनर व्हील क्लब में सजी त्योहारों की रंगीन संध्या

सतना। इनर व्हील क्लब सतना उद्गम द्वारा 8 अक्टूबर को क्लब भवन में एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गरबा, डांडिया और करवाचौथ के पारंपरिक उत्सवों का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ममता पांडेय एवं सुजाता शर्मा ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यों की सराहना की। क्लब की अध्यक्ष जूही गौरव अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को अपनी प्रतिभा और परंपरा प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करना था। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अनामिका अग्रवाल, सचिव प्रियांका मिश्रा, कोषाध्यक्ष एकता अग्रवाल, आईएसओ पूर्णिमा गुप्ता और संपादक अंजली पांडेय ,जोनल हेड अनमोल केशरवानी सहित सभी सदस्याओं ने सक्रिय सहयोग दिया। यह आयोजन नारी सशक्तिकरण और सांस्कृतिक सौंदर्य का सुंदर प्रतीक रहा।

# इंदिरा कॉलेज में ईको क्लब ने पर्यावरण पर किया कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 अक्टूबर. शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना में ईको क्लब के अंतर्गत वन्य जीव संरक्षण का आयोजन किया गया।**



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एके पाण्डेय ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरित करते हुए हर एक आदतों जैसे पालीथीन के स्थान पर कपडे के बैग, को अपनाना, कचरे की मात्रा कम करना, अधिक से अधिक वृक्ष लगाना, प्राकृतिक संसाधन बिजली एवं पानी की बचत करना आदि के लिए शपथ दिलाई। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ पुष्पेन्द्र सिंह सहायक प्राध्यापक प्राणिशास्त्र ने छात्राओं को वन्य प्राणियो के संरक्षण से सबन्धित शासकीय परियोजनाओं एवं 1972 वन्य जीव संरक्षण नियम की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएँ जैसे क्विज, हैन्ड पेन्टिंग और रागोली तथा कोलाज मेंकिंग का आयोजन किया गया। छात्राओं ने रांगोली एवं विभिन्न रगों के प्रयोग से वन्य जीवो की अनुपम छटा को धरती एवं कागज पर उकेरा। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी सरस्वती विश्वकर्मा, कोलाज में प्रथम स्थान कुमारी निदा परवीन, क्विज में प्रथम स्थान माधवी पटेल, हैन्ड पेंटिंग में प्रथम स्थान कुमारी सरस्वती विश्वकर्मा ने प्राप्त किया। प्राणिशास्त्र विभाग की डॉ अर्चना तिवारी, एवं डॉ दिवा गुप्ता ने विधा प्रभारी की भूमिका निभाई।